हिन्दुस्तान | www.livehindustan.com
जमशेदपुर, शुक्रवार, 20 जून 2025


# नेताजी सुभाष विवि के 41 विद्यार्थियों का प्लेसमेंट


नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय में प्लेसमेंट के बाद चयनित विद्यार्थी। • हिंदुस्तान

**जमशेदपुर, प्रमुख संवाददाता।** नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ आईटी के बीसीए छठे सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने देश की प्रतिष्ठित आईटी कंपनियों टीसीएस और विप्रो में प्लेसमेंट प्राप्त किया है। इनका चयन 3.5 लाख के वार्षिक पैकेज पर हुआ है। इस वर्ष कुल 41 विद्यार्थियों का चयन इन दो प्रमुख बहुराष्ट्रीय कंपनियों में हुआ है।

इस अवसर पर रजिस्ट्रार नागेन्द्र कुमार ने सभी चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। स्कूल ऑफ आईटी के डीन डॉ. रंजन कुमार मिश्रा ने भी विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की। टीसीएस में चयनित विद्यार्थियों में राषि तिवारी, किम शर्मा, शिवानी, अनुप्रिया रानी, मो. फ़ज़ल, कुणाल सेन, कैफ़ ख़ान, मोनिका पोद्दार, मीर आलमगीर, सिमरन कुमारी, श्रेयशी महान्ती, हर्ष दुबे, सैफ़ ख़ान, हिमांशु पांडेय, जे हेमा, पूजा साहू, लतीफुल रहमान, विकास यादव, निशा महतो आदि शामिल हैं।